पंचायत समिति सुलह स्थित भेड़ु महादेव विकास खण्ड सुलह जिला काँगड़ा के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

अवधि 01.04.2021 से 31.03.2024

भाग–एक

1. **प्रस्तावना :–**

(क) ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत पंचायत समिति सुलह, विकास खण्ड सुलह, जिला काँगड़ा के अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024 के लेखों का अंकेक्षण हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा निष्पादित किया गया।

अंकेक्षण अवधि के दौरान पंचायत समिति सुलह में निम्नलिखित अध्यक्ष/ कार्यकारी अधिकारी कार्यरत थे :–

अध्यक्षः–

1	श्रीमति कुसुम लता	01.04.2022 से लगातार

कार्यकारी अधिकारी :–

1.	श्री सिकन्दर	01.04.2021 से 30.09.2022
2.	श्री योगिन्दर कुमार	07.10.2022 से लगातार

(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सार :–

पंचायत समिति सुलह के लेखों अवधि 01.04.2021 से 31.03.2024 के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से हैः–.

क्र0 सं0	पैरा संख्या	अनियमितताओं का सक्षिप्त सार	राशि (₹ लाखों में)
1	4.1	रोकड़ बही तथा बैंक शेषों का नियमानुसार मिलान न करने के फलस्वरूप रोकड़ बही एवं बैक अन्तशेषों में बहुत ज्यादा अन्तर पाया जाना ।	54.48

2	5	भुगतान से सम्बन्धित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करना ।	51.11
3	6	स्त्रोत पर जी0एस0टी0–टी0डी0एस0 की कटौती न करना ।	0.37
4	8	निर्माण कार्यों के उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त न करना।	13.30

(ग) गत अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन :–

गत अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनिर्णीत पैरों पर की गई कार्यवाही की वर्तमान अंकेक्षण के दौरान सत्यापना की गई । पंचायत समिति द्वारा लम्बित पैरों के समायोजन हेतु कोई भी कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई, जोकि चिन्तनीय विषय है । अतः पंचायत समिति द्वारा लम्बित पैरों के समायोजन हेतु विशेष कार्यवाही करना सुनिश्चित की जाये व अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवायें ताकि अधिक से अधिक पैरों का समायोजन सम्भव हो सके । वर्तमान अकेक्षण उपरान्त अनिर्णीत पैरों की स्थिति निम्न प्रकार से है :–

1 अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 01.04.2016 से 31.03.2021

क्र0सं0	पैरा संख्या	निर्णीत/अनिर्णीत ।
1	3	अनिर्णीत । (अंकेक्षण शुल्क की राशि ₹ 14,400/– की अदायगी न करने बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 489 दिनांक 16.12.2024 द्वारा पुनः अनुरोध किया गया है)
2	4.1	अनिर्णीत ।
3	4.2	अनिर्णीत ।
4	4.3	अनिर्णीत ।
5	4.4	अनिर्णीत ।
6	5	अनिर्णीत ।
7	6	अनिर्णीत ।

8	7	अनिर्णीत ।
9	8	अनिर्णीत ।
10	9	अनिर्णीत ।
11	10	अनिर्णीत ।
12	11	अनिर्णीत ।

भाग—दो

2. वर्तमान अंकेक्षण :—

पंचायत समिति सुलह, विकास खण्ड सुलह, जिला काँगड़ा के अवधि 01/04/2021 से 31/03/2024 तक के लेखों का अंकेक्षण श्री मन मोहन शर्मा, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 23.11.2024 से 16.12.2024 तक पंचायत समिति सुलह के कार्यालय में किया गया। लेखों की विस्तृत जाँच हेतु आय एवं व्यय के लिए मासों का चयन निम्न प्रकार से किया गया :—

वित्तीय वर्ष	आय	व्यय
2021—2022	03/2022	09/2021
2022—2023	03/2023	01/2023
2023—2024	03/2024	11/2023

अस्वीकरण (Disclaimer):- इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत समिति के नियन्त्रण अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है । पंचायत समिति द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई किसी भी गलत सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा ।

3. अंकेक्षण शुल्क :—

पंचायत समिति सुलह, विकास खण्ड सुलह, जिला काँगड़ा के अवधि 01/04/2021 से 31/03/2024 तक के लेखों का अंकेक्षण शुल्क ₹8,000/— बनता है। अंकेक्षण शुल्क की इस राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से

निदेशक, हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला–9 को प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या 488 दिनांक 16.12.2024 द्वारा अनुरोध किया गया ।

4. **वित्तीय स्थिति :–**

पंचायत समिति सुलह विकास खण्ड सुलह द्वारा प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार पंचायत समिति के अवधि 01.04.2021 से 31.03.2024 के लेखों की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से थी :–

(1) स्वः स्त्रोत व अनुदान :

वर्ष	अथशेष	प्राप्ति	ब्याज	योग	व्यय	अन्तिम शेष
2021–22	18323147	55568114	541164	74432425	42383692	32048733
2022–23	32048733	42776419	811909	75637061	53718841	21918220
2023–24	21918220	67939525	174244	90031989	57893341	32138648

बैंक समाधान विवरणी :–

Own Source, SFC, GIA(SALARY), 15TH FC

A/c No. 50051972543	KCCB Sulah		2617847
A/c No. 50058036812	KCCB Sulah		322676
A/c No 20124002645	KCCB Sulah	GIA SFC, GIA(SALARY)	26288200
A/c No. 50100373428052	HDFC Sulah		4356
A/c No. 50100308634445	HDFC Sulah		834021.3
A/c No. 9200100414696703	Axis Bank Palampur		7520467
		TOTAL	37587567.3

Balance as per cash book on 31.03.2024

Cash Book Balance on 31.03.2024 (SFC)	24919875
Cash Book Balance on 31.03.2024 (15TH FC)	7218773
TOTAL	32138648

DIFFERENCE between Bank & Cash Book Balance (s) as on 31.03.2024 5448919.3

4.1 रोकड़ बही एवं बैंक खातों के शेषों का नियमानुसार मिलान न करने के फलस्वरूप दिनांक 31.03.2024 को रोकड़ बही व बैंक खातों के अन्तशेषों में ₹54.48 लाख का बहुत ज्यादा अन्तर पाया जानाः—

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 15 (10) के अनुसार पंचायत समिति की रोकड़ बही के शेषों का बैंक खातों के शेष से मिलान करना अनिवार्य है।

पंचायत समिति की रोकड़ बही के अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत समिति द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान रोकड़ बही व बैंक खातों का मिलान नहीं किया गया था, जोकि नियमों के विरूद्ध होने के कारण अनियमित एवं आपत्तिजनक है । दिनांक 31.03.2024 को स्वः—स्त्रोत तथा अन्य स्कीमों की रोकड़ बही एवं बैंक पास बुक के अन्तिम शेष का अन्तर ₹ 54,48,919/— पाया गया ।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 490 दिनांक 16.12.2024 द्वारा उक्त अन्तर बारे स्थिति स्पष्ट करने हेतु अनुरोध किया गया, जिसके सन्दर्भ में पंचायत समिति द्वारा पत्र संख्या 3547 दिनांक 19.12.2024 के माध्यम से सूचित किया कि रोकड़ बहियों तथा बैंक खातों का मिलान करके आगामी अंकेक्षण में दर्शा दिया जायेगा ।

अतः उक्त अन्तर के कारणों बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुये तदानुसार उक्त अन्तर का यथाशीघ्र मिलान किया जाए एवं यथास्थिति कृत अपेक्षित अनुपालना से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाया जाए तथा भविष्य में नियमानुसार रोकड़ बही के शेषों का बैंक खातों के शेष से मिलान करना सुनिश्चित करें ।

4.2 निर्देशानुसार अलग—अलग स्कीमों के लिए अलग—अलग बैंक खाते न खोलनाः—

निदेशक, पंचायत राज के पत्र सख्या PCH-HA(15)-13(L)5-47005-81 दिनांक 15.02.12 में दिये गये निर्देशों अनुसार अलग—अलग स्कीमों के लिए अलग—अलग खाते खोले जाने अपेक्षित हैं।

पंचायत समिति द्वारा GIA 5th SFC, GIA Salary स्कीमों के लिए हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 4(1) के प्रावधान का उल्लघंन करते हुये एवं उपरोक्त पत्र में दिये गये निर्देशों के विरूद्ध एक

ही बैंक खाता संख्या 20124002645 के0सी0सी0बी0 सुलह में खोला गया था, जिससे न केवल निदेशक, पंचायती राज विभाग के निर्देशों की अवहेलना हुई अपितु खातावार/स्कीमवार प्राप्त अनुदान ब्याज व भुगतान/व्यय आदि की सत्यता की अंकेक्षण में समुचित पुष्टि नहीं की जा सकी।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 491 दिनांक 16.12.2024 द्वारा इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु अनुरोध किया गया, जिसके सन्दर्भ में पत्र संख्या 3547 दिनांक 19.12.2024 द्वारा अंकेक्षण को सूचित किया गया कि भविष्य में उक्त निर्देशानुसार खाते खोलने बारे ध्यान रखा जायेगा।

अतः उक्त पत्र में उल्लेखित दिशा–निर्देशों की अवहेलना का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट करते हुये तुरन्त प्रभाव से निदेशक, पंचायती राज के उक्त पत्र मे वर्णित निर्देशों के अनुपालनार्थ सुधारात्मक कार्यवाही अमल में लाई जानी सुनिश्चित की जाये ।

5. राशि ₹51.11 लाख के भुगतान से सम्बन्धित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करने बारे

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 79 (2) के प्रावधानानुसार पंचायत समिति सचिव अंकेक्षण को अंकेक्षण हेतु सुसंगत/सम्बन्धित अपेक्षित अभिलेख प्रस्तुत करने हेतु उत्तरदायी होगा।

अंकेक्षण के दौरान में पाया कि वर्ष 2021–22 में अनुदानों के तहत चयनित माह में वित्तीय स्थिति अनुसार ₹51,10,641/– के किये गये व्ययों से सम्बन्धित अभिलेख बिल/वाउचर अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किये गये । जिस कारण भुगतानों की सत्यता की जाँच नहीं की सकी। उक्त वर्ष में किये गये व्ययों से सम्बन्धित अभिलेख प्रस्तुत न करने का औचित्य स्पष्ट करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या 492 दिनांक 16.12.2024 द्वारा इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु अनुरोध किया गया, जिसके सन्दर्भ में पत्र संख्या 3547 दिनांक 19.12.2024 द्वारा अंकेक्षण को सूचित किया गया कि सम्बन्धित अभिलेख आगामी अंकेक्षण के समय प्रस्तुत कर दिये जायेंगे ।

अतः उक्त नियम प्रावधान की अनुपालना में अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करने का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट करते हुये अंकेक्षण को दिये आश्वासन के

दृष्टिगत नियमानुसार आवश्यक अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाई जानी सुनिश्चित की जाये तथा वित्तीय वर्ष 2021–22 में कृत व्यय की विभागीय स्तर पर विस्तृत जाँच कर यथास्थिति कृत आवश्यक कार्यवाही से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

6. स्त्रोत पर जी0एस0टी0–टी0डी0एस0 की ₹0.37 लाख की कटौती न करने बारे।

हि0 प्र0 जी0एस0टी0 अधिनियम 2017 की धारा 51 तथा हि0प्र0 आबकारी एवं कराधान विभाग के पत्र सख्या 12-4/78EXN-TAX-Part(278/25)2950 दिनांक 26.09. 2018 के अनुसार किसी भी व्यक्ति/फर्म/संस्था/स्थानीय प्राधिकरण अथवा सरकारी विभाग (Person/ HUF/Firm/Local authority/Govt. deductor) द्वारा संविदाकार व्यक्ति/फर्म को सेवायें तथा वस्तुयें प्रदान करने के बदले एक वित्तीय वर्ष में एकल अनुबन्ध के अन्तर्गत ₹250000/– से अधिक राशि का भुगतान करने पर 2 प्रतिशत (एक प्रतिशत सी0जी0एस0टी0 + एक प्रतिशत एस0जी0एस0टी अन्तर्राजीय आपूर्ति तथा 2 प्रति आई0जी0एस0टी0 की कटौती सम्बन्धित व्यक्ति/फर्म/ संविदाकार को नगद अथवा बैंक खाते में अदायगी के समय की जानी अपेक्षित है तथा उक्त कटौती की राशि को अगले माह 10 तारीख से पहले सम्बन्धित विभाग में जमा करवाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई सूचना एवं चयनित माह 01/2023 में शीर्ष 15वाँ वित्तायोग के व्यय की जाँच करने पर पाया कि निम्नविवरणानुसार सामग्री की आपूर्ति के लिए भुगतान किया गया था, लेकिन पंचायत समिति द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान ₹37122/– की राशि की जी0एस0टी0–टी0डी0एस0 के रूप में कटौती नहीं की गई थी :–

क्र0 सं0	आपूर्ति कर्ता	वा0सं0 व दिनांक	बिल सं0 व दिनांक	मद का नाम	कार्य का नाम	भुगतान की राशि (₹)	कटौती की दर	राशि (₹)
1	मैजिक बेस कन्क्रीट वर्क्स	106, 107 12.01.23	338, 29.09.22	कन्क्रीट बैंच	स्थापना बैंच पं0 समिति वार्ड नं 22	96600	2 %	1932

2	—यथोपरि—	108,109 12.01.23	290, 21.09.22	कन्क्रीट बैंच	वार्ड नं 12	96600	2 %	1932
3	—यथोपरि—	110,111,112 12.01.23	292, 23.09.22	कन्क्रीट बैंच	वार्ड नं 13	96600	2 %	1932
4	—यथोपरि—	113,127,134 12.01.23	267, 18.09.22	कन्क्रीट बैंच	वार्ड नं 7	41400	2 %	828
5	—यथोपरि—	114,115,124 12.01.23	361, 09.10.23	कन्क्रीट बैंच	वार्ड नं 23	103500	2 %	2070
6	—यथोपरि—	116,117,118, 119, 12.1.23	360, 09.10.22	कन्क्रीट बैंच	वार्ड नं 24	103500	2 %	2070
7	—यथोपरि—	120, 12.01.23	266, 12.09.22	कन्क्रीट बैंच	वार्ड नं 14	96600	2 %	1932
8	—यथोपरि—	121,122,138 12.01.23	341,12. 01.22	कन्क्रीट बैंच	वार्ड नं 19	96600	2 %	1932
9	—यथोपरि—	123, 12.01.22	264, 15.09.22	कन्क्रीट बैंच	वार्ड नं 01	20700	2 %	414
10	—यथोपरि—	125,126 12.01.23	268, 18.09.22	कन्क्रीट बैंच	वार्ड नं 08	96600	2 %	1932
11	—यथोपरि—	128,129,145, 146, 16.01.23	289, 20.09.22	कन्क्रीट बैंच	वार्ड नं 11	96600	2 %	1932
12	—यथोपरि—	130, 160 17.01.23	333, 27.09.22	कन्क्रीट बैंच	वार्ड नं 21	96600	2 %	1932
13	—यथोपरि—	131,142 17.01.23	291, 22.09.22	कन्क्रीट बैंच	वार्ड नं 03	96600	2 %	1932
14	—यथोपरि—	132,142,144 17.01.23	280, 19.09.22	कन्क्रीट बैंच	वार्ड नं 09	96600	2 %	1932
15	—यथोपरि—	133, 139 17.01.23	296, 26.09.22	कन्क्रीट बैंच	वार्ड नं 16	96600	2 %	1932
16	—यथोपरि—	135, 19.01.23	594, 06.01.23	कन्क्रीट बैंच	वार्ड नं 10	103500	2 %	2070

17	–यथोपरि–	136,137 19.01.23	403, 03.10.22	कन्क्रीट बैंच	वार्ड नं 18	41400	2 %	828
18	–यथोपरि–	140,141 19.01.23	294, 24.09.22	कन्क्रीट बैंच	वार्ड नं 16	55200	2 %	1104
19	–यथोपरि–	147,148,149 19.01.23	295, 26.09.22	कन्क्रीट बैंच	वार्ड नं 15	131100	2 %	2622
20	–यथोपरि–	150, 151 31.01.23	2165 16.09.22	कन्क्रीट बैंच	वार्ड नं 02	96600	2 %	1932
21	–यथोपरि–	152, 153 31.01.23	339, 29.09.22	कन्क्रीट बैंच	वार्ड नं 17	96600	2 %	1932
						1856100		37122

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 493 दिनांक 16.12.2024 द्वारा इस अनियमितता बारे वस्तु स्थिति स्पष्ट करने हेतु अनुरोध किया गया, जिसके सन्दर्भ में पंचायत समिति द्वारा पत्र संख्या 3547 दिनांक 19.12.2024 के माध्यम से सूचित किया कि उक्त आपत्ति की छानबीन करने उपरान्त सम्बन्धित कटौती को प्राप्त करके सम्बन्धित विभाग में जमा करवा दिया जायेगा ।

अतः अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत नियमानुसार अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाई जानी सुनिश्चित की जाये ।

7. स्थापना जाँच रजिस्टर वेतन रजिस्टर (वेतन रजिस्टर) तैयार न करने बारे

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 58 के प्रावधानानुसार प्रारूप 18 में स्थापना बिल जाँच रजिस्टर (Establishment bill check Register) का रख–रखाव किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण अवधि 01.04.2021 से 31.03.2024 हेतु चयनित माह 09/21, 01/23 व 11/23 के व्यय वाउचरों की जाँच करने पर पाया गया कि विकास खण्ड सुलह के पंचायत सचिवों एवं तकनीकी सहायकों के वेतन के भुगतान के रख रखाव हेतु स्थापना रजिस्टर तैयार नहीं किया गया था जिसके अभाव में गत वर्षों में विभिन्न कर्मचारियों को वेतन के रूप में भुगतान की जा रही राशियों की सत्यापना संभव नहीं हो सकी। स्थापना रजिस्टर तैयार न करना एक गम्भीर अनियमितता है। अंकेक्षण

अधियाचना संख्या 494 दिनांक 16.12.2024 द्वारा जिसका तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट करने हेतु अनुरोध किया गया, जिसके सन्दर्भ में पंचायत समिति द्वारा पत्र संख्या 3547 दिनांक 19.12.2024 के माध्यम से सूचित किया कि सम्बन्धित अभिलेख तैयार करने उपरान्त आगामी अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा।

अतः उक्त उल्लेखित नियम प्रावधानानुसार स्थापना बिल जाँच रजिस्टर तैयार न करने का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट करते हुये शीघ्रातिशीघ्र वेतन रजिस्टर का रख रखाव किया जाना सुनिश्चित किया जाये । इसके अतिरिक्त अपेक्षित अभिलेख की अनुपस्थिति में अंकेक्षावधि में स्थापना पर कृत व्यय की विभागीय उच्चाधिकारियों के स्तर पर विस्तृत जाँच कर यथास्थिति अनुसार कृत आवश्यक कार्यवाही से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

8. ₹ 13.30 लाख के निर्माण कार्यो/अन्य खर्चों के उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त न करनाः—

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 88 के अनुसार पचांयत को दिये गये अनुदानों का उपयोग उसी प्रयोजन के लिए किया जा सकता है जिसके लिए अनुदान मंजूर किये गये हैं एवं उस अधिकारी को जिसने अनुदान मंजूर किये है, उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि अंकेक्षण अवधि में चयनित माह के दौरान विकास खण्ड सुलह की विभिन्न पंचायतों को निम्न विवरणानुसार ₹ 13,30,000/— विभिन्न प्रयोजनों हेतु जारी किये गये थे लेकिन उक्त जारी अनुदानों के उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं किये गये। अंकेक्षण अधियाचना संख्या 495 दिनांक 16.12.2024 द्वारा उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने हेतु अनुरोध किया गया, जिसके सन्दर्भ में पत्र संख्या 3547 दिनांक 19.12.2024 द्वारा अंकेक्षण को सूचित किया कि सम्बन्धित अभिलेख प्राप्त होने पर आगामी अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा।

अतः नियमानुसार शीघ्र वाँछित उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त कर आगामी अंकेक्षण को सत्यापनार्थ प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें ।

वित्तीय वर्ष	वाउचर संख्या व दिनांक	शीर्ष	कार्य का नाम	ग्राम पंचायत का नाम	राशि
2021–22		5th State	जीप योग्य सडक मेन गेट से माता झुगां देवी मन्दिर	ग्राम पंचायत भदरोल (अन्तिम किश्त)	30000/–
		5th State	निर्माण पंचायत घर	ग्राम पंचायत जमूला	500000/–
		5th State	अपवर्धन पी0सी0 गदियाड़ा	ग्राम पंचायत रझूं	500000/–
		5th State	अपवर्धन सामुदायिक भवन	ग्राम पंचायत थुरल	300000/–

9. गलत वार्षिक वेतन वृद्धि प्रदान करने के कारण ₹ 1474/– की राशि का अधिक भुगतान।

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 76 के प्रावधानानुसार अधिक भुगतान की शीघ्र वसूली हेतु सम्बन्धित सचिव उत्तरदायी होगा। अंकेक्षण के दौरान पाया कि श्री नसीब सिंह पंचायत सचिव की सेवा पंजिका के पृष्ठ संख्या 14 के अनुसार अपनी. नियमित उपस्थिति दिनांक 10.08.2017 को दी थी । अतः उक्त कर्मचारी को वार्षिक वेतन वृद्धि की तिथि हर वर्ष अगस्त को देय थी । परन्तु जुलाई 2023 के वेतन वाउचर अनुसार उक्त कर्मचारी को वर्ष 2023 में एक जुलाई 2023 से वेतन वृद्धि प्रदान करने उपरान्त निम्न विवरणानुसार ₹ 1474/– का अधिक भुगतान किया गया था, जोकि अनुचित है। अतः उक्त भुगतान को न्यायोचित ठहराने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या 496 दिनांक 16.12.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके सन्दर्भ में पत्र संख्या 3547 दिनांक 19.12.2024 द्वारा अंकेक्षण को सूचित किया कि उक्त अधिक अदा की गई राशि की वसूली करने उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा :–

Due

Month	Basic Pay	DA	CA	HRA	MA	FTA	Total
July, 2023	36400	12376	200	400	400	150	49926

Drawn

Month	Basic Pay	DA	CA	HRA	MA	FTA	Total
July, 2023	37500	12750	200	400	400	150	51400

10. विहित रजिस्टरों का रख रखाव न करना :–

हि0 प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 29 से 31 के अन्तर्गत पंचायत समिति द्वारा विभिन्न रजिस्टरों/अभिलेखों का रख रखाव किया जाना अनिवार्य है ।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा निम्न रजिस्टरों/अभिलेखों का रख रखाव नहीं किया गया था, इस प्रकार लेखांकन प्रक्रिया में पूर्णता एवं पारदर्शिता के अभाव में किसी भी स्तर पर धन व सामग्री के रिसन (leakage) दुर्विनियोजन की सम्भावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। जोकि अनियमित व आपत्तिजनक है ।

अतः नियमानुसार इन अभिलेखों व रजिस्टरों का रख रखाव किया जाना सुनिश्चित किया जाये :–

1. अनुदान रजिस्टर ।
2. यात्रा भत्ता बिल का जाँच पड़ताल रजिस्टर ।
3. अग्रिम रजिस्टर ।
4. चिकिस्ता प्रतिपूर्ति बिल रजिस्टर ।
5. किराया मांग प्राप्ति रजिस्टर ।

11. भण्डार का प्रत्यक्ष सत्यापन न करना :–

हि0 प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 73 के अन्तर्गत पंचायत के भण्डार का प्रत्येक 6 माह बाद प्रत्यक्ष सत्यापन किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत समिति द्वारा भण्डार का नियमानुसार प्रत्यक्ष सत्यापन नहीं किया गया था, जिसके अभाव में दिनांक विशेष को सामग्री विशेष की उपलब्धता एवं उसकी स्थिति का पता नहीं लगाया जा सकता एवं उसके दुरूपयोग की सम्भावना से भी अंकेक्षण में इनकार नहीं किया जा सकता है जिस बारे तथ्यपूर्ण स्थिति स्पष्ट की जाये तथा इस सन्दर्भ में अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाकर कृत सुधारात्मक अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाये ।

12. **लघु आपत्ति विवरणिका** :– इसे अलग से जारी नहीं किया गया अपितु छोटी–छोटी आपत्तियों का अंकेक्षण के दौरान ही निपटारा कर दिया गया ।

13. **निष्कर्ष** :–लेखों में सुधार की आवश्यकता है ।

(श्रीराम सुनील)
सहायक निदेशक
हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग
शिमला–171009
दूरभाष 0177–2620046

844-847 ऑ0/50 '05 FEB 2025

पृष्ठांकन संख्या:– फिन(एल0ए0)एच(पंच)(15) (2) 302/2021 खण्ड–1 दिनांक शिमला–09
प्रतिलिपि:– निम्न को सूचनार्थ/आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1 निदेशक, पंचायती राज विभाग, हि0प्र0 कुसुम्पटी, शिमला–171009 को पैरा संख्या 1 (ख) में वर्णित गम्भीर अनियमितताओं पर सभी सम्बन्धित को एक माह के भीतर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देश जारी करने हेतु प्रेषित है।

2 उप सचिव एवं समिति अधिकारी स्थानीय निधि लेखा समिति हि0प्र0 विधानसभा शिमला–4 को सूचनार्थ प्रेषित है।

3 जिला पंचायत अधिकारी काँगड़ा जिला काँगड़ा हि0प्र0।

पंजीकृत 4 खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ड सुलह जिला काँगड़ा, हिमाचल प्रदेश को इस आशय के साथ प्रेषित की जाती है कि वह इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर उचित कार्रवाई करके सटिप्पण उतर इस विभाग को एक माह के भीतर भेजना सुनिश्चित करें।

ऑ0/50

(श्रीराम सुनील)
सहायक निदेशक
हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग
शिमला–171009
दूरभाष 0177–2620046

परिशिष्ट–1

अकेक्षण प्रतिवेदन के पैरा संख्याः 4 के सन्दर्भ में

Finacial Position of Grant in Aid of Panchayat Samiti Sulah at Bhedu Mahadev for the year 2021-22

HEAD	Opening Balance	GIA	Interest	Total	Expenditure	Closing Balance
GIA SFC, Salary, Honirarium	15038703	48343067	409564	63791334	40184692	23606642
15TH FC	3284444	7225047	131600	10641091	2199000	8442091
Total	**18323147**	**55568114**	**541164**	**74432425**	**42383692**	**32048733**

Finacial Position of Grant in Aid of Panchayat Samiti Sulah at Bhedu Mahadev for the year 2022-23

HEAD	Opening Balance	GIA	Interest	Total	Expenditure	Closing Balance
GIA SFC, Salary, Honirarium	23606642	32519392	424009	56550043	44439304	12110739
15TH FC	8442091	10257027	387900	19087018	9279537	9807481
Total	**32048733**	**42776419**	**811909**	**75637061**	**53718841**	**21918220**

Finacial Position of Grant in Aid of Panchayat Samiti Sulah at Bhedu Mahadev for the year 2023-24

HEAD	Opening Balance	GIA	Interest	Total	Expenditure	Closing Balance
GIA SFC, Salary, Honirarium	12110739	66849037	174244	79134020	54214145	24919875
15TH FC	9807481	1090488	0	10897969	3679196	7218773
Total	**21918220**	**67939525**	**174244**	**90031989**	**57893341**	**32138648**

Balance as per Bank on 31.03.2024

Own Source, SFC, GIA(SALARY), 15TH FC

A/c No. 50051972543	KCCB Sulah		2617847
A/c No. 50058036812	KCCB Sulah		322676
A/c No 20124002645	KCCB Sulah	GIA SFC, GIA(SALARY)	26288200
A/c No. 50100373428052	HDFC Sulah		4356
A/c No. 50100308634445	HDFC Sulah		834021.3
A/c No. 9200100414696703	Axis Bank Palampur		7520467
TOTAL			**37587567.3**

Balance as per cash book on 31.03.2024

Cash Book Balance on 31.03.2024 (SFC)	24919875
Cash Book Balance on 31.03.2024 (15TH FC)	7218773
TOTAL	**32138648**

DIFFERENCE between Bank & Cash Book as on 31.03.2024 **5448919.3**

Block Development Officer
Sulah at Bhedu Mahadev
Distt. Kangra H.P.

14

Financial Statement of Panchayat Samiti Sulah at Bhedu Mahadev for the year 2021-22

Month	Opening Balance	Grant in Aid	Interest	Total	Expenditure	Closing Balance
Apr-21	15038703	6114	249	15045066	4160891	10884175
May-21	10884175	2194015	102929	13181119	2733044	10448075
Jun-21	10448075	3432677		13880752	3095059	10785693
Jul-21	10785693	10689648	1185	21476526	4695330	16781196
Aug-21	16781196	2186585	20811	18988592	2655688	16332904
Sep-21	16332904	4768060		21100964	5110641	15990323
Oct-21	15990323	2954217	38936	18983476	2738877	16244599
Nov-21	16244599	1388615	123993	17757207	2385309	15371898
Dec-21	15371898	1139211		16511109	3178109	13333000
Jan-22	13333000	5372291	31	18705322	2700032	16005290
Feb-22	16005290	2567662	121430	18694382	2705136	15989246
Mar-22	15989246	11643972		27633218	4026576	23606642
TOTAL		**48343067**	**409564**		**40184692**	

Financial Statement of Panchayat Samiti Sulah Bhedu Mahadev for the year 2022-23

Month	Opening Balance	Grant in Aid	Interest	Total	Expenditure	Closing Balance
Apr-22	23606642	139631	17689	23763962	9183719	14580243
May-22	14580243	2664116	177936	17422295	2412336	15009959
Jun-22	15009959	3709793		18719752	2757943	15961809
Jul-22	15961809	2666602	11171	18639582	2664232	15975350
Aug-22	15975350	3563055	134915	19673320	2733307	16940013
Sep-22	16940013	1893816	9951	18843780	2859949	15983831
Oct-22	15983831	0	31	15983862	2488540	13495322
Nov-22	13495322	747369	2382	14245073	2287655	11957418
Dec-22	11957418	1763355		13720773	2546438	11174335
Jan-23	11174335	281000	10081	11465416	9870776	1594640
Feb-23	1594640	521340	59853	2175833	2228866	-53033
Mar-23	-53033	14569315		14516282	2405543	12110739
Total		**32519392**	**424009**		**44439304**	

Financial Statement of Panchayat Samiti Sulah Bhedu Mahadevfor the year 2023-24

Month	Opening Balance	Grant in Aid	Interest	Total	Expenditure	Closing Balance
Apr-23	12110739	0	31	12110770	6874454	5236316
May-23	5236316	0	53835	5290151	5019074	271077
Jun-23	271077	4155864		4426941	540595	3886346
Jul-23	3886346	3924990	32	7811368	6705238	1106130
Aug-23	1106130	3541579	36360	4684069	2578638	2105431
Sep-23	2105431	2002026		4107457	2840350	1267107
Oct-23	1267107	15865166	32	17132305	2078248	15054057
Nov-23	15054057	2101318	43410	17198785	15680324	1518461
Dec-23	1518461	125885		1644346	2120810	-476464
Jan-24	-476464	9611652	33	9135221	5204562	3930659
Feb-24	3930659	6773005	40511	10744175	2154018	8590157
Mar-24	8590157	18747552		27337709	2417834	24919875
Total		**66849037**	**174244**		**54214145**	

15

Block Development Officer
Sulah at Bhedu Mahdev
Distt. Kangra H.P.

Financial Statement of 15TH FC Panchayat Samiti Sulah at Bhedu Mahadev for the year 2021-22

Month	Opening Balance	Income	Interest	Total	Expenditure	Closing Balance
Apr-21	3284444			3284444	0	3284444
May-21	3284444			3284444	0	3284444
Jun-21	3284444	0		3284444	0	3284444
Jul-21	3284444	0		3284444	0	3284444
Aug-21	3284444	0		3284444	0	3284444
Sep-21	3284444	3022167		6306611	0	6306611
Oct-21	6306611			6306611	0	6306611
Nov-21	6306611			6306611	0	6306611
Dec-21	6306611			6306611	0	6306611
Jan-22	6306611			6306611	0	6306611
Feb-22	6306611			6306611	2199000	4107611
Mar-22	4107611	4202880	131600	8442091		8442091
Total		7225047	131600		2199000	

Financial Statement of 15TH FC Panchayat Samiti Sulah at Bhedu Mahadev for the year 2022-23

Month	Opening Balance	Income	Interest	Total	Expenditure	Closing Balance
Apr-22	8442091			8442091	1903900	6538191
May-22	6538191			6538191	1208256	5329935
Jun-22	5329935	1393542		6723477	1027490	5695987
Jul-22	5695987			5695987	1199000	4496987
Aug-22	4496987	1265232		5762219		5762219
Sep-22	5762219			5762219	1304691	4457528
Oct-22	4457528			4457528	30900	4426628
Nov-22	4426628	1828625		6255253		6255253
Dec-22	6255253	1897848		8153101		8153101
Jan-23	8153101	708700		8861801	1780200	7081601
Feb-23	7081601		387900	7469501		7469501
Mar-23	7469501	3163080		10632581	825100	9807481
Total		10257027	387900		9279537	

Financial Statement of 15TH FC Panchayat Samiti Sulah at Bhedu Mahadev for the year 2023-24

Month	Opening Balance	Income	Interest	Total	Expenditure	Closing Balance
Apr-23	9807481	0	0	9807481	787500	9019981
May-23	9019981	0	0	9019981	1269750	7750231
Jun-23	7750231	0	0	7750231	386600	7363631
Jul-23	7363631	0	0	7363631	743770	6619861
Aug-23	6619861	0	0	6619861		6619861
Sep-23	6619861	0	0	6619861	113432	6506429
Oct-23	6506429	0	0	6506429		6506429
Nov-23	6506429	1090488	0	7596917		7596917
Dec-23	7596917	0	0	7596917	174144	7422773
Jan-24	7422773	0	0	7422773	154000	7268773
Feb-24	7268773	0	0	7268773		7268773
Mar-24	7268773	0	0	7268773	50000	7218773
Total		1090488	0		3679196	

Block Development Officer
Sullah at Bhedu Mahdev
Distt. Kangra H.P.